वर्ष- 22 अंक - 10 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2.50 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 22 जून 2026

## न्यूज ब्रीफ...

### धमाके ही धमाके 3 की मौत, 100 से ज्यादा घायल 18 लापता

सोमवार.एजेंसी। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में एक फैक्ट्री में गैस का रिसाव होने से दो महिलाओं की मौत हो गई। 60 महिलाओं सहित 65 लोग घायल हो गए। उधर हैदराबाद में केमिकल विस्फोट से एक की मौत हो गई। इसी तरह कतर के गैस संयंत्र पर धमाका होने से 54 लोग घायल हो गए और 18 लोग लापता हैं।

### लेबनान में मिली हिज्बुल्लाह की 200 मीटर लंबी सुरंग

**सोमवार.एजेंसी।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने लेबनान के दक्षिणी इलाके में हिज्बुल्लाह की एक बड़ी सुरंग का पता लगाया है। यह सुरंग माजदल जौन गांव के नीचे बनी है। करीब 200 मीटर लंबी यह सुरंग 29 मीटर गहरी है। इसमें इजरायल की तरफ लॉन्च शाफ्ट, रहने के लिए कमरे, सैकड़ों हथियार, एंटी-टैंक मिसाइलें और 50 ईरानी बने विस्फोटक ड्रोन मिले हैं। यह खोज 2026 के सीजफायर के बीच सिक्योरिटी मिशन का हिस्सा है।

### भाई-भाभी और भतीजे की हत्या

**गोरखपुर.एजेंसी।** गोरखपुर के बांसगांव थाना क्षेत्र में देर रात एक ही परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। आरोप है कि 16 वर्षीय छोटे भाई ने अपने बड़े भाई, भाभी और उनके मासूम बच्चे की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

### अब जोधपुर में 8 प्रसूताएं बीमार

**जोधपुर.एजेंसी।** कोटा और बीकानेर के बाद अब जोधपुर के जिला अस्पताल में सीजेरियन डिलेवरी के बाद 8 प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। इसके पहले कोटा और बीकानेर में भी ऐसे मामले सामने आए थे।




**सोमवार.एजेंसी।** मुंबई में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दस्तक दे दी है। आज सुबह से जारी बारिश के बीच कई इलाकों में जलभराव की खबरें सामने आ रही हैं। अंधेरी सबवे में पानी भर गया है। वहीं, कई सड़कों पर भी पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। अब उम्मीद है कि इंदौर में भी एक-दो दिन में मानसूनी बारिश हो सकती है। मुंबई में बारिश होने के बाद इंदौर में भी बारिश होती रही है।

## राम मंदिर के सेवादारों की होगी छुट्टी

**अयोध्या ● एजेंसी**

राम मंदिर के चढ़ावे चोरी के मामले में विशेष जांच दल ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। यह रिपोर्ट आज मुख्यमंत्री योगी को सौंपी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर मंदिर से जुड़े कई सेवादारों की छुट्टी हो सकती है। चढ़ावे की गिनती करने वाले कई गणना कर्मचारियों को भी घर बैठाए जाने की खबर है। अगले दो दिनों में इस मामले में बड़ी कार्रवाई हो सकती है और टिन्नू यादव सहित 80 लोगों को नामजद आरोपी बनाया जा सकता है।












# पटवारी ने कहा वरिष्ठ नेता जहां रहते हैं वह संभालेंगे बूथ





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस ने कल 85 वार्ड अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी, वार्ड महिला प्रभारी और विधानसभा प्रभारी की बैठक बुलाई थी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने स्पष्ट बयान दिया था कि जो अपेक्षित है वे ही इस बैठक में मौजूद रहेंगे। फिर भी देखा गया कि अपेक्षित के अलावा भी कुछ और नेता यहां पहुंचे, जिन्हें ऊपर बैठने दिया गया, जबकि पहले यह कहा गया था कि अपेक्षित नेता के अलावा अन्य कोई आएगा तो उन्हें ससम्मान नीचे बैठाया जाएगा। कल जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 20 मिनट देरी से गांधी भवन पहुंचे तो उनका तालियों से स्वागत किया गया। पहली बार कांग्रेस की वार्ड स्तर की। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे और उन्होंने भी संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की जुगत की उन्होंने साफतौर से कहा कि हमें हर लड़ाई को बूथ स्तर पर ले जाना है और कांग्रेस के सिपाही आम जनता को बूथ पर जोड़े और केन्द्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों का विरोध करें। जिस बूथ पर बड़े नेता रहते हैं उन्हें बूथ की जिम्मेदारी प्रभारी के रूप में संभालना होगी। जीतू पटवारी, चिंटू चौकसे, सत्यनारायण पटेल, सज्जनसिंह वर्मा, राजेश चौकसे, विनय बाकलीवाल, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, देवेन्द्रसिंह यादव, रीना बोरासी, अमन बजाज, दीपू यादव सहित अन्य मौजूद रहे। कुछ बोले कि कांग्रेस को अब संगठन में भी अनुशासन लाना होगा, जिन्हें बुलाए वे ही आए, कुछ तो अंगद के पैर है। कुल मिलाकर कांग्रेस

**गांधी भवन में रही अच्छी भीड़, जिन्हें बुलाया था उसके अतिरिक्त भी नेता पहुंच गए**

अब विधानसभा के बाद ब्लॉक और मंडलम के साथ अब बूथ पर संगठन को मजबूत करने में लग गई है, इसका इशारा सीधा जीतू पटवारी ने वरिष्ठों को जिम्मेदारी देकर किया। पटवारी ने साफतौर से कहा कि जहां-जहां कांग्रेस 2 हजार वोटों से अधिक हारी है, वहां वरिष्ठ नेताओं को खासतौर से उनके गृह क्षेत्र में जिम्मेदारी दी जाएगी। पटवारी ने कल भी भाजपा को कोसा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष भी लगातार बैठक के दौर गांधी भवन में कर रहे हैं, भोज भी आयोजित हो रहे हैं, इससे भी कांग्रेसियों का उत्साह बना हुआ है। बैठक के पहले वार्ड से आए कांग्रेसियों को कांग्रेसी दुपट्टे गले में पहनाए गए थे, जिससे गांधी भवन का माहौल कांग्रेसमय नजर आया, कल महिला प्रभारी भी अच्छी तादाद में नजर आई, जो 20 से 25 वार्ड से कांग्रेसी नहीं आए थे उनसे भी आज फोन पर बात की जाएगी और कारण पूछा जाएगा। कल भी मीटिंग के बाद भोज का आयोजन कांग्रेसी फौज के साथ हुआ।

# विजयवर्गीय ने पीछे खड़े रहकर पार्षद को दी तवज्जो

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 1 में कल दूसरे दिन रविवार को भी दो वार्डों में बड़ी सौगात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दी। वार्ड क्रमांक 1 में करीब पौने दो करोड़ की लागत से विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया। क्षेत्रीय पार्षद महेश चौधरी को आगे रखकर भूमिपूजन लोकार्पण कराया और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पीछे खड़े रहे और पूजन को देखते रहे। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय और भाजपा नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं विधानसभा 5 में भी दो करोड़ 40 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी गई। यहां भी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता, पार्षद निरंजनसिंह चौहान, मंडल, वार्ड पदाधिकारी, रहवासी, भाजपाई भी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में दोनों जगह रहवासी भी विकास की उत्सुकता में मौजूद रहे। 8 टैंकर चालकों को घोड़े पर बैठाकर जुलूस निकाला और उनका सम्मान भी किया। गुरु टेकचंद मार्ग का नामकरण बोर्ड लगाकर किया गया।
































## भाजपा जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर उन्हें अवगत कराया कि बुड़ानिया से सुपर कारिडोर ग्रीन फिल्ड में जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया। चावड़ा ने कहा कि दो किलोमीटर का मार्ग पूर्ण रूप से जर्जर अवस्था में है, जिस पर प्रतिदिन सांवेर और देपालपुर के सैकड़ों किसान लक्ष्मीबाई कृषि उपज मंडी में अपनी फसल बेचने जाते हैं और आए दिन वाहनों में टूट-फूट और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस रोड के बन जाने से किसानों को काफी राहत मिलेगी।

# कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भाजपा में चले गए

## लगाए आरोप, नहीं दे रही थी कांग्रेस तवज्जो

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सांवेर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश आंजना को कांग्रेस में तवज्जो जिला कांग्रेस और कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से ठीक से नहीं मिल रही थी। वे कुछ दिनों से अपने आपको कांग्रेस में अपेक्षित महसूस कर रहे थे। कुछ दिनों से उनकी बात मंत्री तुलसीराम सिलावट से चल रही थी, क्योंकि पूर्व में वे सिलावट के साथ भी सांवेर विधानसभा में काम कर चुके हैं। दो दिन पहले जब मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री की मौजूदगी में सांवेर के चन्द्रावतीगंज में ग्रीन फिल्ड कारिडोर की बड़ी सौगात दी गई उस दिन मंत्री तुलसी सिलावट ने अपने पुराने रिश्ते निभाकर दिनेश आंजना को भाजपा में शामिल करा दिया। इसके बाद कुछ कांग्रेसियों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि एक तरफ कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने में लगी है, दूसरी तरफ कांग्रेसियों को तवज्जों नहीं मिल रही है, वे अब कांग्रेस से छटकने के लिए छटपटा रहे हैं और इसी कड़ी में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश आंजना भाजपा में शामिल हो गए।

## भाजपा के आयोजन में दिखी इस बार कंजूसी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 12 वर्ष पूर्ण होने पर नगर भाजपा ने भी सभी के लिए एक कॉमन कार्यक्रम तय कर योजना बनाकर दी थी। इनमें प्रबुद्ध वर्ग संवाद से लेकर पौधारोपण और अन्य आयोजन भी रखे गए थे। केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को भी आगे ले जाया जाना था। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं सांसद शंकर लालवानी ने कुछ वरिष्ठ नेताओं के यहां और पुराने नेताओं के यहां पहुंचकर प्रारंभिक दौर में वरिष्ठजन संवाद किया। बाद में वे भी पीछे हटे, लेकिन दूसरे कई नेता इस आयोजन से दूरी बनाकर रहे। कुल मिलाकर सरकार का रिपोर्ट कार्ड रखकर संवाद करने का जो कार्यक्रम था वह पूरा नहीं हो पाया और जैसा आयोजन भाजपा विधानसभा स्तर से लेकर मंडल और वार्ड से लेकर बूथ तक करती आई है वह आयोजन में इस बार कंजूसी नजर आई, जो भाजपाइयों में ही चर्चा का विषय बना हुआ है।



## दिग्विजय सिंह ने उठाया राम मंदिर चंदा का मुद्दा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कल इंदौर में थे और उनकी अगवानी सुरजीतसिंह चड्ढा, नासिर खान, सुवेग राठी सहित अन्य ने की थी। जब मीडिया ने दिग्विजय सिंह से नीट परीक्षा पर चर्चा की तो उन्होंने कहा अभी तक तो सब ठीक है अब देखना होगा कि आगे क्या होता है। इधर दिग्वजय सिंह ने राम मंदिर में हुए पुराने चंदा को लेकर भी कहा कि उस चंदे का क्या हुआ, वहीं राम जन्म भूमि से जुड़े एक पदाधिकारी पर भी दिग्विजय सिंह ने प्रश्न उठाया।



## भाजपाइयों ने किए बांके बिहारी के दर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौरी भाजपाई वृंदावन पहुंचे और वहां उन्होंने भगवान बांके बिहारी के दर्शन भी किए। सुमित मिश्रा, संजय शुक्ला, गोलू शुक्ला, सुरजीतसिंह वालिया सहित अन्य धार्मिक यात्रा में मौजूद रहे।

## कांग्रेस कल करेगी बढ़ते नशे कारोबार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन-रैली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। तहसील कार्यालय गौतमपुरा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवकरण गुर्जर और वरिष्ठ नेता मोतीसिंह पटेल ने बताया कि गौतमपुरा थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार बढ़ रहे हैं, नशीले पदार्थ का सेवन भी युवा कर रहे हैं, सट्टा-जुआ चल रहा है, चोरी की घटनाएं बढ़ रही है इसलिए रहवासी परेशान है और इस परेशानी को लेकर कांग्रेस ने कल 23 जून की शाम 5 बजे गांधी चौक गौतमपुरा पर धरना, प्रदर्शन रखा है। धरना, प्रदर्शन के बाद रैली के रूप में कांग्रेसी गौतमपुरा थाना पहुंच कर ज्ञापन सौंपेंगे, इसके लिए कांग्रेस ने बकायदा रैली के रूप में जाने के लिए अनुमति मांगी है। अब देखना होगा कि पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ इस रैली की अनुमति मिलती है या नहीं।**



## सेन समाजजनों ने किया स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्क्क्ष पवन पाटीदार का स्वागत करने इंदौर सेन समाज प्रतिनिधि मंडल सुभाष वर्मा सेन के नेतृत्व में पहुंचा। संवाद भी किया गया। सुभाष वर्मा सेन, राजेश परिहार, कैलाश हर्षवाल, वंदना श्रीवास सहित अन्य मौजूद थे।

## अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य की मौजूदगी में इंदौर-निमाड़ संभागीय बैठक आयोजित की गई। लालसिंह आर्य, रणवीरसिंह रावत, शंकर लालवानी, श्रवणसिंह चावड़ा, भगवान परमार, भूपेंद्र चौहान, शैलेष गिरजे, दिनेश वर्मा, ओमप्रकाश मोहरे, भगवती शिंदे, गणपत डाबी, वरुण पाल, कृष्ण चौधरी, सौरभ बाबरिया, महेश बसवाल, हिमांशु मालवीय, राहुल चौहान, नीतेश खांडेकर, सोनू अहिरवार, सतीश बोरदिया, चंद्रशेखर छापोला सहित अन्य मौजूद थे।

## पटवारी के पत्र पर भाजपा नेता का ट्विट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार के ढाई वर्ष को लेकर पत्र लिखा और अंगुलिया उठाई तो भाजपा नेता जेपी मूलचंदानी ने इस पर पलटवार करते हुए ट्विट भी किया।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में उमड़ी भीड़

## *हर विधानसभा में हुआ आयोजन, भाजपा कार्यालय में भी कार्यक्रम, बड़ा गणपति से निकली रैली में लगा जाम*





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार अपने पदभार के बाद पहली बार इंदौर आए थे और कल सुबह से लेकर शाम तक उनके आयोजन थे। हर विधानसभा में भाजपा पिछड़ा वर्ग से जुड़े नेता और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा कार्यालय में मोर्चा की बैठक भी हुई, जिसमें पाटीदार ने कांग्रेस को भी कोसा, प्रभारी रणवीरसिंह रावत ने भी उद्बोधन दिया। सांसद शंकर लालवानी और विधायक महेन्द्र हार्डिया, मधु वर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया। भाजपा नेता सुरेन्द्र पाल ने जेसीबी मंगवाई थी, जिससे पाटीदार को माला पहनाई गई, कल ढोल धमाके से पाटीदार की भाजपा कार्यालय पर अगवानी भी की गई। पाटीदार ने इन्फ्लूएन्सर से संवाद भी किया। बड़ा गणपति से नृसिंह वाटिका तक हितग्राही सम्मेलन को संबोधित करने पाटीदार रैली के रूप में पहुंचे। ई-रिक्शा कई साथ में थे, इसलिए जाम की स्थिति भी बनी। पौधारोपण भी किया गया, किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शामिल हुए। टंट्या मामा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, यहां जनजाति समूह द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। भंवरकुआं में दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, साइकल रैली में शामिल हुए। विष्णुपुरी गुरुद्वारा में मत्था टेका, युवाओं से संवाद भी किया। सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, कैलाश पीपले, जीतू कुशवाह, पिंटू जोगी वरुण पाल, रितेश शर्मा, मनोज पाल, सुरेंद्र पाल, सुरेंद्र यादव, रणजीत चौहान, अनिल मंडावरा, नरेन्द्र राठौर, मोहित वर्मा, राजेश चौहान, धीरज पाटीदार, जीतू यादव, निलेश कौशल, संतोष पाटिल, आशीष सोनी, जीतू कुशवाह, डूंगरसिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देवास नाका पर 40 दुकान तोड़ना शुरू

## सर्विस रोड को चौड़ा करने के लिए जिला प्रशासन की पहल पर निगम की कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





**नगर निगम की रिमूवल गैंग ने आज सुबह देवास नाका पर 40 दुकान तोड़ना शुरू किया है। इन दुकानों को तोड़कर सर्विस रोड को चौड़ा करने का काम किया जाएगा। पिछले काफी समय से इन दुकानों को तोड़ने के लिए कसरत की जा रही थी।**

देवास नाका पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इस ब्रिज के पास में सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाना है। इस सर्विस रोड की जमीन पर लोगों के द्वारा पक्की दुकान बनाकर कब्जा कर लिया गया था। इस कब्जे को हटाने के लिए पहले भी नगर निगम के द्वारा कई बार नोटिस दिए गए थे। यह कब्जा सरकारी जमीन पर करते हुए दुकानों का निर्माण किया गया था। ऐसी स्थिति में कलेक्टर कार्यालय से भी कब्जा करने वालों के नाम पर नोटिस जारी किए गए थे।

जिला प्रशासन और नगर निगम के द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद भी कब्जा करने वालों के द्वारा अपने कब्जे को हटाने के लिए कोई पहल नहीं की गई। ऐसी स्थिति में इन लोगों को रिमूवल के नोटिस दे दिए गए थे। इसके बाद भी जब कोई फर्क नहीं पड़ा तो आज एसडीएम घनश्याम धनगर ने इस स्थान पर नगर निगम की रिमूवल टीम के माध्यम से इन दुकानों को तोड़ने का फैसला लिया। आज सुबह 7:00 बजे से दोनों विभागों की टीम रिमूवल की कार्रवाई को अंजाम देने के लिए मौके पर पहुंच गई थी। मौके पर सभी दुकानें पक्की बनी हुई थी। इन दुकानों को तोड़ने के लिए 4 जेसीबी मशीन और एक पोकलेन मशीन लगाई गई। क्षेत्र के नगर निगम के भवन अधिकारी वैभव देवलासे भी मौके पर मौजूद थे। दुकान संचालकों के द्वारा किए गए विरोध के बीच में निगम की टीम के द्वारा इन दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई को शुरू कर दिया गया। दुकानों में रखे सामान को निकलवाने के बाद जेसीबी का पंजा चलने लगा और तेजी से दुकानों को तोड़ा जाने लगा। सुबह जल्दी शुरू कर दी गई इस कार्रवाई से हलचल मच गई। दुकान संचालकों को इस बात की सूचना पहले से ही दे दी गई थी कि आज इन दुकानों को तोड़ा जाएगा। इसके बाद भी इन दुकान संचालकों के द्वारा नेताओं के चक्कर लगाते हुए यह कोशिश की जा रही थी कि जिला प्रशासन और नगर निगम के द्वारा की जाने वाली कार्रवाई रुक जाए। शहर के हित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की ओर से इस कार्रवाई को रोकने में कोई रुचि नहीं ली गई।



## बम्बई बाजार में अलम खड़ा हुआ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर के मध्य बम्बई बाजार में मोहर्रम पर्व के अन्तर्गत अलम खड़ा करने की प्राचीन परम्परा को कल निभाया गया। परचम का जुलूस भी निकाला गया। शरबत का वितरण भी हुआ। बड़ी संख्या मुस्लिम समाजजन मौजूद रहे।

**कैंटीन संचालक हत्याकांड**

## रेलवे स्टेशन की पार्किंग ठेके के विवाद में की थी हत्या

### नाबालिग व उसका साथी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भागीरथपुरा क्षेत्र स्थित एमआर 4 रोड पर परसों रात हुई कैंटीन संचालक हत्याकांड की पुलिस ने गुत्थी सुलझाते हुए वारदात को अंजाम देने वाले नाबालिग और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन की पार्किंग के ठेके विवाद में हत्याकांड को अंजाम दिया।

थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि 19 जून की रात्रि को विशाल उर्फ नानू पिता मुकेश वर्मा (27) निवासी भागीरथपुरा पर दो लोगों ने चाकुओं से हमला कर दिया था जिसमें विशाल ने अस्पताल में दम तोड दिया था। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो दो आरोपी विशाल पर चाकू से हमला करते नजर आए। फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित की गई। टीम ने हत्याकांड के महज चंद घंटों के भीतर हत्याकांड को अंजाम देने वाले नाबालिग निवासी भगतसिंह नगर और उसके साथी सुमित पिता शिवलाल अहिरवार निवासी भगतसिंह नगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक से रेलवे स्टेशन की पार्किंग के ठेके को लेकर विवाद चल रहा था। घटना दिनांक को विवाद बढ़ा तो सुमित ने विशाल उर्फ नानू को पकड़ लिया और नाबालिग ने उस पर चाकू से ताबड़तोड वार कर दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी आरोपियों से बरामद कर लिया है।

## फायरकर्मी का पुत्र तिंछा फाल में डूबा

**इन्दौर।** दोस्तो के साथ पर्यटन स्थल तिंछा फॉल गया नाबालिग हादसे का शिकार हो गया। मोतीतबेला निवासी अविराज पिता महेंद्र राठौर (16) घर से क्रिकेट खेलने का बोलकर निकला था लेकिन वह दोस्तो के साथ तिंछा फाल पहुंच गया।जहां नहाने के दौरान गहरे पानी मे जाने से डूब गया।मृतक के पिता फायर ब्रिगेड कर्मचारी बताये जा रहे है।

## नीट परिक्षा के दौरान मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता भी रहे मौजूद

### पैनिक होने वाले परीक्षार्थियों के लिए नवाचार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। करीब 2 साल तक विद्यार्थी नीट परीक्षा के लिए तैयारी करते है। पूरे 2 साल की मेहनत का सार नीट परिक्षा परिणाम होता है। बड़े स्तर और भारी प्रतिस्पर्धा के कारण कई परीक्षार्थी पैनिक हो जाते है। इसके लिए शहर के कुछ सेंटरों पर मेडिकल स्टाफ के साथ मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता भी तैनात रहे।**

बड़े स्तर की परीक्षा में कई बार ऐसे मामले सामने आए, जिसमें परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को घबराहट होती है। इसके बाद स्वास्थ विभाग द्वारा इन विद्यार्थियों को जांच की जाती है। ज्यादातर ऐसे मामलों में परीक्षार्थी पैनिक हो जाते है,जिन्हें मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता की जरूरत होती है। कल नीट परिक्षा के दौरान कई सेंटरों पर मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता की विशेष रूप से ड्यूटी लगाई गई। जो बच्चे पेपर के दौरान पैनिक हो रहे थे, जिन्हें पसीने छूट रहे थे, उन्हें इलाज दिया गया।जिला प्रशासन का यह नवाचार कल कई परीक्षार्थी के लिए सहायक साबित हुआ। शहर के एक कॉलेज में ड्यूटी दे रहे मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता राहुल काकाणी ने बताया कि तनाव, एंजायटी और पैनिक हो रहे बच्चों को तुरंत मनोवैज्ञानिक तकनीक द्वारा रिलैक्स कर उन्हे एग्जाम देने के लिए तैयार किया गया।

## कबाड़ दुकान में लगी भीषण आग

### दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद डेढ़ घंटे में पाया काबू

**इन्दौर।** शहर के मध्य क्षेत्र रानीपुरा के झंडा चौक में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक स्क्रैप की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिसे देख आसपास के रहवासी घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे फायर फाइटर्स ने तंग और संकरी गलियों की चुनौती के बावजूद स्थानीय लोगों की मदद से करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।



फायर ब्रिगेड के अनुसार, आगजनी की यह घटना रानीपुरा झंडा चौक स्थित एक कबाड़ दुकान में घटित हुई, जिसके मालिक का नाम इफ्तियार खान बताया जा रहा है। रात करीब 11 बजे दमकल विभाग को दुकान से आग और धुआं उठने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत दमकल वाहनों के साथ मौके के लिए रवाना हुई। हालांकि, क्षेत्र की तंग और संकरी गलियों के कारण दमकल वाहनों को घटना स्थल तक ले जाने और आग बुझाने के काम में शुरुआत में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।हादसे के वक्त स्थानीय रहवासियों ने गजब की सजगता दिखाई। फायर ब्रिगेड की टीम के मौके पर पहुँचने से पहले ही आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर पानी डालकर आग बुझाना शुरू कर दिया था। बाद में दमकलकर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए करीब 15 हजार लीटर पानी की मदद से डेढ़ घंटे की भारी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह से शांत किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए स्थानीय थाना पुलिस भी मौके पर पहुँच गई थी।चूंकि यह काफी घना इलाका है, इसलिए आग की लपटों के साथ-साथ वहां फैले गहरे और धुएं के कारण आसपास के लोगों को सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस हादसे में दुकान का ऊपरी शेड और अंदर रखा हुआ स्क्रैप का भारी मात्रा में सामान जलकर खाक हो गया। प्राथमिक जांच और परिस्थितियों को देखते हुए आग लगने का मुख्य कारण बिजली के तारों में हुआ शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

## एक्वरफ्रेश दुकान में लगी आग

**इंदौर।** बाणगंगा थाना इलाके के भौरासला क्षेत्र में आज सुबह एक एक्वर फ्रेश दुकान में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। करीब 500 लीटर पानी का मदद से आग पर काबू पाया गया।



## हज से लौटे 450 यात्रियों का हुआ इस्तकबाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हज यात्री परवरदिगार की नगरी गए थे कल तीन फ्लाइट से करीब 450 हज यात्री वापस लौटे तो उनके इस्तकबाल का आयोजन किया गया। जुनेद खान ने उक्त जानकारी दी।

# मानसून लेट हुआ तो बिगड़ जाएंगे हालात

## हर साल इस समय तक गिर जाता था 5 इंच पानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अब तक मानसून की आमद नहीं होने के कारण शहर में चिंता की स्थिति पैदा होना शुरू हो गई है। अब सबसे बड़ा प्रश्न तो यह हो गया है कि यदि मानसून लेट हो गया तो इंदौर में हालात बिगड़ जाएंगे। हर साल तो इस समय तक इंदौर में 5 इंच से ज्यादा बारिश हो जाती थी।

मौसम विशेषज्ञों के द्वारा लगातार यह चेतावनी दी जा रही है कि इस बार का मानसून विलंब का शिकार है। इसके साथ ही मानसून की स्थिति को भी कमजोर बताया जा रहा है। इंदौर में मानसून के आगमन को लेकर जो घोषणाएं की गई थी वह हकीकत में सामने नहीं आ रही है। इसके पीछे कारण यह बताया गया कि हवा के दबाव के चलते हुए यह मानसून इंदौर की तरफ आने के बजाय दूसरी दिशा में परिवर्तित हो गया है। अब जून के महीने का अंतिम सप्ताह शुरू होने की बेला करीब आ रही है। अभी तक मानसून का आमद नहीं होने के कारण हालत चिंताजनक बन जाने की आशंका है।

वैसे भी इस साल गर्मी के मौसम में तेज गर्मी पड़ जाने के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। अभी तक अच्छा पानी नहीं गिरने के कारण लोगों को गर्मी से भी राहत नहीं मिल पा रही है। जून का तीसरा सप्ताह समाप्त होने आ गया है। अभी तक पानी की कोई स्थिति नजर नहीं आ पा रही है। केवल एक बार एक इंच पानी गिरा है तो उससे तो जमीन का पेट भी नहीं भराया है। जल क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय तालाबों की स्थिति भी खराब हो गई है। अब पानी की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। यदि अभी भी पानी नहीं आता है तो जो नागरिकों को भारी पानी के संकट के बावजूद पानी उपलब्ध कराया जा रहा है उसमें भी समस्या पैदा हो सकती है। ऐसी स्थिति में जरूरी यह है कि अब इंदौर में एक बार की जोरदार बारिश आ जाए और उसके साथ ही मानसून के आगमन की स्थिति बन जाए। जब तेज बारिश होगी तो वह जमीन के अंदर जाएगी तो भूमि की प्यास भी मिटेगी।

### 30% आबादी पीती है बोरिंग का पानी

इंदौर शहर में निवास करने वाले नागरिकों में से 30% नागरिक ऐसे हैं जिनका जीवन बोरिंग के पानी से चलता है। इस बार तेज गर्मी के मौसम में इनमें से 95% नागरिकों के बोरिंग बंद हो गए। ऐसे में इन लोगों के पास में पानी की आवश्यकता की पूर्ति का कोई स्रोत नहीं बचा। इस स्थिति में इंदौर नगर निगम को टैंकर के माध्यम से पानी देकर इन लोगों की पानी की आवश्यकता की पूर्ति करना पड़ी। इसके साथ ही नागरिकों के द्वारा बड़ी संख्या में प्राइवेट टैंकर से पानी खरीद कर अपनी आवश्यकता पूरी की गई।

### पानी आ जाएगा तो शुरू हो जाएंगे बोरिंग

मानसून के नहीं आने के कारण इनमें से कोई भी बोरिंग अभी वापस शुरू नहीं हो सका है। विशेषज्ञों का कहना है कि जैसे ही पानी आना शुरू हो जाएगा और दो-तीन बार की बारिश हो जाएगी तो उसके बाद में जमीन के अंदर का भूजल स्तर बढ़ने लगेगा। ऐसे में बंद हो चुके यह सभी बोरिंग फिर से शुरू हो जाएंगे। जब बोरिंग शुरू होंगे और तालाबों में पानी भराएगा तो ही इंदौर के हालात बेहतर होंगे।

### अभी तक चल रहे हैं किराए के टैंकर

इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर के हर क्षेत्र में नागरिकों को आवश्यकता की पूर्ति का पानी पहुंचाने के लिए 600 से ज्यादा टैंकर किराए पर लेकर चलाए जा रहे हैं। यह सारे टैंकर अभी भी चल रहे हैं। निगम के अधिकारियों का कहना है कि जब तक तेज बारिश शुरू नहीं हो जाती और बोरिंग में वापस पानी नहीं आ जाता है तब तक हमें किराए के टैंकर चलाना पड़ेंगे।

# इंदौर का हर सातवां मकान और 5000 से अधिक रहवासी अपार्टमेंट फायर टैक्स के दायरे में होंगे

## इसके अलावा कमर्शियल परिसर और प्रॉपर्टी पर भी बढ़ेगा आर्थिक भार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नगर निगम द्वारा लगातार शहरवासियो पर आर्थिक भार बढ़ाने का काम किया जा रहा है। वर्तमान में नए फायर टैक्स को लगाने की स्वीकृति भवन अनुज्ञा विभाग ने महापौर परिषद से ले ली है। फिलहाल इसको प्रॉपर्टी टैक्स के साथ महापौर परिषद सम्मेलन की बैठक में स्वीकृति मिलने के बाद लागू करवाने की तैयारी की जा रही है। शहर की जनता के लिए यह बड़ा फैसला है क्योंकि इस फैसले के साथ ही शहर वासियों को तीन मंजिला मतलब 12 मीटर से अधिक ऊंची इमारत पर फायर सेफ्टी सिस्टम लगाने के साथ फायर टैक्स नगर निगम को संपत्ति कर की तरह ही चुकाना होगा इसकी दरों को लेकर फिलहाल खुलासा नहीं किया गया है लेकिन यह जरूर है कि पूरे शहर में हर सातवां मकान तीन मंजिला या 12 मीटर से अधिक के दायरे में होगा। इसके अलावा शहर में 5000 से अधिक आवासीय अपार्टमेंट मल्टी है जिनकी ऊंचाई 12 मीटर से अधिक है उन्हें भी यह टैक्स चुकाना होगा जिससे यहां रहने वाले आम नागरिकों की जेब पर आर्थिक भार बढ़ेगा।

बीते दिनों नगर निगम द्वारा 2019 में मध्य प्रदेश शासन द्वारा लगाए गए एमओएस टैक्स को लागू किया गया था जिसका चौतरफा विरोध कांग्रेस के साथ आम नागरिकों द्वारा किया गया। फिलहाल नगर निगम ने इस टैक्स को होल्ड पर रखा है। लेकिन कई नागरिकों ने शिकायत की है कि नगर निगम द्वारा अब भी एमओएस टैक्स लगाया जा रहा है। शहरी सीमा में टैक्स की बढ़ोतरी लगातार की जा रही है। फायर टैक्स की बात की जाए तो, नगर निगम के लिए संपत्ति कर के बाद यह राजस्व जरिया होगा लेकिन विशेषज्ञ का मानना है कि शहर में आपदा प्रबंधन एवं आगजनी की दुर्घटनाएं रोकने के लिए निगम को आवश्यक सेवाओं के रूप में यह आम नागरिकों को निशुल्क उपलब्ध करवाना है। अग्नि सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञ जयप्रकाश सोनी ने बताया कि फायर सुरक्षा की व्यवस्था और संसाधन जुटान के नाम पर शहर वासियों से फायर टैक्स वसूला जाना ठीक नहीं है। यह नगरी निकायों की नैतिक और मूलभूत सेवाओं में से आम नागरिकों से संपत्ति कर के रूप में टैक्स लिया जाता है इसके अलावा अतिरिक्त कर लगाया जाना आम नागरिकों पर आर्थिक भार बढ़ता है। वहीं दूसरी ओर फायर सुरक्षा समिति के सदस्य और भवन अनुज्ञा समिति के प्रभारी राजेश उदावत ने बताया कि शहर में लगातार तीन मंजिला से अधिक ऊंची इमारत की संख्या बढ़ रही है। आज आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही है इस दौरान नगर निगम को अतिरिक्त संसाधन जुटाने होते हैं। विभाग के लिए संसाधन, कर्मचारियों का वेतन, वाहनों का रखरखाव, ईंधन जैसे बड़े खर्च नगर निगम को करने होते हैं ऐसे में तीन मंजिला से अधिक ऊंचे भवन बनकर लाभ लेने वाले भवन मालिकों से टैक्स वसूला जाना जायज है। वही इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि फिलहाल यह टैक्स किस दर से लगाया जा रहा है वर्तमान में इसको लेकर आम नागरिकों में क्या सोच बन रही है सभी विषयों पर अध्ययन किया जा रहा है। प्राथमिक रूप से यह शहर की जनता पर भार बढ़ाने वाला टैक्स है। कांग्रेस ने पहले भी एमओएस टैक्स लागू किए जाने का पुरजोर विरोध किया था, फायर टैक्स भी शहर में लागू नहीं होने दिया जाएगा।




# आजाद अलंकरण सम्मान और विमोचन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संस्था 'अदभुत कम्युनिटी एंपावरमेंट एंड वेलफेयर सोसाइटी' द्वारा आजाद अलंकरण में 5 को सम्मानित किया गया। कैप्सूल का विमोचन भी किया गया। अतिथियों का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक एवं कत्थक की प्रस्तुति हुई।**


















# कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में योग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों ने विश्व योग दिवस अवसर पर बड़े मैदान पर योग आयोजन किया। प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं शिक्षक, विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सेन्ट्रल जिमखाना में हुआ आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेन्ट्रल जिमखाना में दो दिवसीय योगा का आयोजन किया गया। क्लब के सचिव गिरधर काकाणी, अध्यक्ष हुकुम सोनी ने बताया कि डॉ. वरुण कुशवाह, डॉ. मुकेश ने अभ्यास कराया। चन्द्रशेखर आजाद ने प्राणायाम कराया। योग प्राणायाम की जानकारी दी गई। केन्द्रीय संचार ब्योरो की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी ने किया। सपना पाल, भावना पाल, आरती पाल, निशा चावड़ा, राज राजोले का सम्मान किया गया। भानू जैन भी मौजूद रहे।




## गोयल और मित्तल पदाधिकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रवाल संगठन नवलखा के चुनाव में अखिलेश गोयल अध्यक्ष एवं विकास मित्तल महामंत्री, वहीं कोषाध्यक्ष संजय बद्रुका, उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, पूनम गुप्ता, प्रचार मंत्री विपिन गोयल, संयोजक सुरेश अग्रवाल, सहप्रचार मंत्री आशीष बद्रुका, सहसचिव संजय बंसल, सहसंयोजक विशाल अग्रवाल बने तो उनको बधाइयां दी गई। विपिन गोयल ने उक्त जानकारी दी।




## माहेश्वरी समाजजनों की हुई स्वास्थ्य जांच

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महेश जयंती पर्व के अवसर पर माहेश्वरी समाज संयोगितागंज ने समाजजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया। चिकित्सकों ने समजनों की मेडिकल जांच भी की और सलाह भी दी गई। प्रचार मंत्री डॉ. सुमित तापड़िया ने बताया कि इस दौरान सुभाष राठी, अश्विन लखोटिया, संजय चंडक, अर्चना भूतड़ा, केदार हेड़ा, सौरभ राठी, सुभाष असावा, राजेश बाहेती, विजय मोदानी, अभिषेक मंडोवरा, मुकेश असावा, ईश्वर बाहेती, सुरेश हेड़ा, सुरेश नुहाल, कैलाश बाहेती, गगन झंवर, गोविंद गिलड़ा, दीपक माहेश्वरी, भरत डागा, अनुज हेड़ा, नितिन लाहोटी, विकास असावा, श्याम बाहेती, अंजू मूंदड़ा, हेमा लखोटिया, भावना लाहोटी, वंदना तापड़िया, आरती काबरा, सोना कोठारी, जागृति नवाल, पंकज काबरा उपस्थित थे।



# स्कूली बच्चों ने जीते योग में मेडल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सी-21 मॉल में आयोजित योग प्रतियोगिता में भगवती कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल हातोद के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें बहुत शानदार प्रदर्शन करते हुए कई मेडल प्राप्त किए। पीयूष ने गोल्ड व आदर्श उपाध्याय ने सिल्वर मेडल जीते व अन्य छात्र-छात्राओं ने भी मेडल जीते। इस अवसर पर स्कूल के संचालक पुलक गुप्ता, प्राचार्या, उपप्राचार्या कीर्ति राठौर, अंकिता जैन व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को बधाई दी।

## योग के बाद किया योग गुरु का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** देवी अहिल्या बंगाली स्वर्ण शिल्पी सेवा समिति द्वारा कल योग दिवस पर योगासन किया गए। सुशांत सामंत ने बताया कि बड़ा गणपति के समीप स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजन हुआ। बंगाली



समाजजनों ने कठिन आसान भी लगाए। इसके बाद योग गुरु का सम्मान भी किया। इस अवसर पर सुशांत सामंत, अभिजीत माहिती, मेघदूत मंडल,तापस मंडल,हेमंत मान्ना,विजय मांझी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बर्तन बाजार के युवाओं ने किया मैत्री आयोजन, टर्फ विकेट पर दिखाए जौहर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल रविवार छुट्टी के दिन बर्तन बाजार के युवाओं ने अपनी 6 दिनी कारोबारी थकान को हटाने के लिए चोइथराम रोड स्थित टर्फ वकेट पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक 9 घंटे लगातार मैराथन क्रिकेट खेला। 35 युवाओं ने अलग-अलग ड्रेस में 5 टीम बांटकर 7 ओवर का टूर्नामेंट आयोजित किया। 13 मैच के बाद फाइनल मैच खेला गया। राहुल गुप्ता एवं पलाश बजाज की टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। बहुत ही रोमांचक मुकाबले में विजेता टीम रेड कलर राहुल गुप्ता मदनसेठ की रही, रनर अप टीम येलो कलर पलाश बजाज की रही। विजेता टीम के खिलाड़ी कैप्टन राहुल गुप्ता, आशीष मंगल, अमन नारंग, हृदय बंसल, यज्ञ नारंग, यश शर्मा, सारांश तलरेजा थे। सहयोग आशीष मंगल, भरत गर्ग, कार्तिक गर्ग, शोभित नीमा व दिव्यांशु गुप्ता ने किया।



# नामकरण वर्षगांठ की शुरूआत में शिवजी की आरती



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लक्ष्मीदत्त गोपालदत्त शास्त्री के मार्ग का नामकरण पिछले वर्ष किया गया था। नामकरण की पहली वर्षगांठ पर महेश दृष्टिहीन परिसर में शिवजी की आरती कर कार्यक्रम शुरू किया गया था। सभी अतिथियों को तिरंगा दुपट्टा पहनाया गया, दृष्टिहीन बच्चों को नाश्ता करवाया गया। 151 बार रक्तदान करने वाले गोपाल भावसार, 120 बार रक्तदान करने वाले सिद्धार्थ राजकुमार शर्मा का भी तिरंगा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। दिलीप राजपाल, अर्चना जायसवाल, प्रकाश व्यास, हिमांशु यादव, सीता शास्त्री, श्रीलु जैन, सरिता, आशीष तिवारी, राकेश शास्त्री, गोविन्द राठौर, हेमन्त जैन, ओम पालीवाल, पवन राठौड़, दिनेश दुबे, चेतन सोनी, दिलीप जैन, द्वारका राठौर, धर्मेंद्र राठौर उपस्थित रहे।



## ज्योतिष कार्यशाला शिविर

**इंदौर।** श्री राधा कृष्ण शोध संस्था द्वारा ज्योतिष कार्यशाला शिविर आयोजित किया गया। कार्यशाला में 300 जातक लाभान्वित हुए जन्मकुंडली के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। प्रकाश गौड़, रुचिका वाशिम, प्रकाश गौड़, रंजीता, मोहिनी, रश्मि, अनीता, दामोदर, श्रुति, विनोद, रचना ने अपनी भूमिका निभाई।



## ब्राह्मण समाजजनों ने ली शपथ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री गौड़ ब्राह्मण समाज इंदौर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गार्डन में समाजजनों और अतिथियों की मौजूदगी में आयोजित किया गया। पदाधिकारियों को समाजहित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। संत भी मौजूद रहे। आर्थिक सहयोग की घोषणा भी की गई।

# सरयू पारीण ब्राह्मण समाज ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

## शिक्षण सामग्री का भी वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सरयू पारीण ब्राह्मण समाज सेवा संस्थान भारत द्वारा कल हंसदास मठ में शिक्षा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान आयोजित किया। 76 छात्रों को शिक्षण सामग्री भी प्रदान की गई। बोर्ड परीक्षा के अर्थव




तिवारी, अनूप मिश्रा, श्रद्धा पांडे, कृतिका पांडे, प्रीतम मिश्रा व दसवीं के शिवांश मिश्रा, अनन्या मिश्रा, दिव्यांश मिश्रा, काव्य शुक्ला, कपिल शुक्ला, तनु दुबे, यशी पांडे का सम्मान किया गया। समाज के बच्चे जो आचार्य की उपाधि प्राप्त करेंगे उनको 2100 रु. की राशि देकर सम्मानित भी किया जाएगा, पार्षद मनोज मिश्रा ने 5 बच्चों की छात्रवृत्ति की घोषणा भी की। अनूप शुक्ला, डॉ. पीएन मिश्रा, चन्द्रमोहन दुबे, निर्मल दुबे, पंकज पाण्डे, विष्णु मिश्रा, आरपी ओझा, शरद तिवारी, डॉ. वंदना तिवारी, शामली मिश्रा, अनिल शुक्ला, डॉ. मानसी तिवारी, प्रार्थना तिवारी, ओपी मिश्रा, राजेश मिश्रा, अजय त्रिपाठी, अमित तिवारी, अल्केश पांडे, नितीन मिश्रा, शैलेन्द्र तिवारी, श्रीकांत मिश्रा, संजय पांडे, अनिल पाण्डेय, विवेक मिश्रा, शुभम पांडे, संतोष तिवारी, यश आनंद पाण्डे, कीर्ति मित्र, आनंद तिवारी, शशि भूषण मिश्रा, संपदा मिश्रा, पूनम शुक्ला, इंदु पांडे, मनु तिवारी, संतोषी दुबे, चंचल शुक्ला, सत्यभामा शुक्ला, आशा दुबे मौजूद थे।



# जैन महिलाओं ने किया गोवा थीम पर आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय जैन महिला जागृति मंच की मासिक बैठक गोवा थीम पर आधारित होकर मनोरंजक समागम के रूप में आयोजित हुई। वीणा सेठी ने बताया कि गोवा थीम पर कलरफुल ड्रेसअप में सजी-धजी एवं फ्लोरल प्रिंट, हैट्स, सनग्लासेस और बीच वाइब्स के साथ गोवा की मस्ती में सराबोर हो गया और गोवा परंपरा व संस्कृति जीवंत हो उठी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संगीत का रंग भी खूब जमा। कुछ सदस्यों ने गिटार की मधुर धुनों पर अपने पसंदीदा गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

## महेश नवमी की प्रभातफेरी का स्वागत होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी कुटुम्ब परिवार से जुड़े प्रकाश शारदा अजमेरा ने बताया कि माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी 23 जून को सुबह गौराकुण्ड से निकलने वाली प्रभातफेरी का सीतलामाता बाजार में स्वागत किया जाएगा। प्रकाश अजमेरा ने बताया कि भगवान महेश का पूजन भी किया जाएगा, प्रसाद वितरण भी होगा। यह आयोजन सीतलामाता मंदिर के समीप किया जाएगा।

# गांधीनगर से निकली अकीदत की चादर



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

गांधीनगर स्थित न्यू कालोनी से चादर कमेटी के सैकड़ों मुस्लिम समाजजनों ने गांधीनगर से कर्बला पैदल जाकर चादर पेश की। इस दौरान देश में अमन-शांति व अच्छी बारिश के लिए भी दुआ की गई। बीते 20 सालों से समाजजन चादर पेश करने कर्बला जा रहे हैं। इस दौरान मोहसिन कुरैशी, इरफान खान, सदर रजाक खान, अमजद खान, अब्दुल करीम खान, अकरम कुरैशी, अस्पू कुरैशी, नीतिन परदेशी मौजूद थे। गौरतलब है कि मोहर्रम की 4 तारीख को कई मुस्लिम समाजजन चादर पेश करने कर्बला पहुंचते हैं।

## आज शाम खड़ा होगा अलम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एकता कमेटी द्वारा आज शाम 7 बजे से कार्यक्रम आयोजित कर लाबरिया भेरू धार रोड पर 51 फीट ऊंचा अलम खड़ा किया जाएगा। अतिथियों का सम्मान भी किया जाएगा।



## अंसारी का इस्तकबाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हाजी अबरार अंसारी हज की मुकद्दस यात्रा कर वापस लौटे तो भाजपा नेता रेहान अंसारी ने उनका इस्तकबाल किया।

# बोहरा समाजजन सुन रहे हैं वाअज



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बोहरा समाज के वरिष्ठ मजहर हुसैन सेठजीवाला ने बताया कि दाउदी बोहरा समाज के मोहर्रम के अशारा मुबारका की नौ दिनी वाअज बाबजी नगर में कर रहे जनाब इदरीस भाई, नूर भाई ने कर्बला की दास्तान पर बयान फरमाए। वाअज में कहा कि हमेशा इंसानियत की भलाई के काम करें। आपने कर्बला में तीन दिन के भूखे प्यासे इमाम हुसैन की शहादत के बयान भी फरमाएं। इस अवसर पर अश्कबार आंखों से पुरजोश मातम हुआ। हैदर अली बेग वाला की पार्टी वाअज में मतामी नोहा और मर्सिया पढ़ रहे है। वाअज में बड़ी संख्या में बोहरा समाजजन उपस्थित थे।



## विद्यार्थियों के प्रवेश पर स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खजराना क्षेत्र के इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के आगमन पर नए सत्र में उनके स्वागत की परम्परा की गई। सलीम पठान ने उक्त जानकारी दी।



## संत सदन का लोकार्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगंबर जैन समाज स्मृति नगर दिगम्बर जैन समाज की मौजूदगी में नए संत सदन के लोकार्पण आयोजन में मुनि विमल सागर म.सा., अनंत सागर म.सा. का सानिध्य मिला। जाप्यानुष्ठान, श्रीजी के अभिषेक, शांति धारा, संगीतमय पूजन व शांति विधान हुआ। संत के प्रवचन भी हुए। विधानाचार्य ब्रह्मचारी सुनील भैया, पारस शास्त्री थे।

## नशा मुक्ति केन्द्र पर लगेगा चिकित्सा शिविर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पंचकुइया स्थित बरजी बाई अग्रवाल नशा मुक्ति केंद्र पर 26 जून दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ. हिमांशु मंशारमानी, डॉ. वृष्टि पाटिल, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. नेहा रॉय अपनी टीम के साथ निःशुल्क परीक्षण कर जरूरतमन्द मरीजों को दवाईयां भी देंगे। तुलसीदास शादिजा, जाह्नवी ठाकुर, डॉ. अनिता शर्मा ने बताया कि संस्था में एक ही छत के नीचे थैरेपी सेंटर, आक्युपेशनल थैरेपी, ऑडियोमेट्री स्पीच थैरेपी, योगा एवं पीड़ित मानवता की सेवा के महायज्ञ संचालित किए जा रहे हैं।

## अमरनाथ लंगर के लिए ट्रक आज शाम रवाना होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर ट्रस्ट द्वारा अमरनाथ यात्रा मार्ग स्थित बालटाल पर लगाए जाने वाले लंगर के लिए राशन एवं भोजन सामग्री से भरा पहला ट्रक आज शाम 5 बजे पूजन, अर्चन के बाद रवाना किया जाएगा। अमरनाथ यात्रा के पहले ही लंगर सेवा शुरू कर दी जाएगी। मंदिर ट्रस्ट द्वारा इस बार 400 कम्बल भी भेजे जा रहे हैं। सामग्री एकत्रीकरण करना शुरू कर दी गई थी। पर्याप्त सामग्री होने पर आज ट्रक शाम को रवाना किया जा रहा है।





# फादर्स और योग डे पर सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था नमो नमो शंकरा सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन द्वारा सक्खर पैलेस रिसोर्ट में मेघावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन फादर्स-डे और योग-डे पर किया गया। भाजपा नेता, सिख समाजजन, सिंधी समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यह सम्मान का आयोजन संस्था अध्यक्ष पंकज फतेहचंदानी ने आयोजित किया था। प्रियम और प्रियांश जैन का भी सम्मान हुआ।

# खाटूश्याम भागवत कथा जारी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अम्बिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम के वार्षिकोत्सव में खाटू श्याम पर आधारित भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी संजय प्रभारी रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे कथा का रसपान करा रहे हैं। महंत नीलू बाबा ने बताया कि बड़ी संख्या में संत, महंत भी आयोजन में मौजूद रह रहे हैं।



## अग्रवाल और पाण्डे पदाधिकारी



**इंदौर।** एसोसिएशन ऑफ़ फ़िज़िशियन्स ऑफ़ इंडिया की इंदौर शाखा गठन में अध्यक्ष डॉ. राजेश अग्रवाल, सचिव डॉ. अक्षत पाण्डे और क्लिनिकल सेक्रेटरी डॉ. रवि भाटिया चुने गए। डॉ. आरके झा, डॉ. अभ्युदय वर्मा ने बधाई दी।

## अभी गौसेवा और आगे पौधारोपण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश वैश्य एकता प्रकल्प द्वारा पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर गौशाला में गौसेवा की गई। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन मौजूद रहे। गौपूजन, गौ आरती, गौ पेटपूजा का आयोजन किया वहीं आगे पौधारोपण बरसात के दौरान करने का संकल्प भी लिया गया।



योग समाचार देखें पेज 8 पर



# बड़े गांव की सब जेल में योगाभ्यास

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बड़ेगांव देपालपुर की सब जेल में योगाभ्यास का आयोजन कराया गया। बंदी भी शामिल हुए। योग गुरु को सम्मानित भी किया गया। अतिथि जिला न्यायाधीश हिदायलउल्ला खान रहे। डॉ. इन्दरसिंह राठौर ने योगाभ्यास कराया। जेल अधीक्षक रामसहाय कुशवाह, ब्लॉक समन्वयक सुरेशचंद यादव, गोविंदा, जेल के रमेश्व झणिया, रामकरण सोनगरे, विवेक शर्मा, लोकेंद्र सिंह, संतोष देवरिया, नाना अरड, राजेश भूरिया, मनोज कुशवाह, भैरमसिंह धाकड़, रविंद्र सोलंकी, शहजाद हुसैन, सुनील मुवेल, सुभाष, एकता पटेल, निर्मला डावर, आरती डावर, मोनिका जाटवा ने अपनी भूमिका निभाई।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम

## एरोबिक्स जुम्बा क्लब का आयोजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। एरोबिक्स जुम्बा क्लब मेघदूत उद्यान में योग दिवस पर अलग-अलग योग के आसन कराए गए। गुरु रमबाड़िया, डॉ सुरेन्द्र वर्मा, वेद त्रिपाठी, राजेश राजपूत, अन्नू जोशी मौजूद थे।

## 80 वर्ष आयु के महिला-पुरुष भी हुए शामिल



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आनन्दवन-2 स्कीम नं. 140 में कल सामूहिक योग के आयोजन में युवा से लेकर 80 वर्ष के महिला-पुरुष ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

## टेनिस क्लब में मातृशक्तियों ने किया योग



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इंदौर टेनिस क्लब में मातृशक्तियों ने योग गुरु प्रीति तहिलियानी के सानिध्य में योग किया। दिशा जयसिंघानी, शोभना गुजराती, शैलजा त्रिवेदी, राधा आचार्य सहित अन्य मातृशक्तियां मौजूद थी।

## औद्योगिक एसोसिएशन ने लगाया शिविर



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। तनावमुक्त जीवन के प्रयास में एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश ने नवचेतना योग शिविर का आयोजन उद्योग भवन पोलोग्राउण्ड में किया। डॉ. ग्रीष्मा त्रिवेदी ने योग के आसन कराए। जान्या पंजाबी, चारू मित्तल, यशस्वी झवेरी, अपरा शर्मा का विशेष सहयोग रहा। योगेश मेहता, प्रकाश जैन, राधा चतुर्वेदी, तरुण व्यास, अनिल पालीवाल, सतीश मित्तल, कमलेश त्रिवेदी, गिरिश पंजाबी, रूपाली जागीरदार सहित अन्य मौजूद थे।

## चिकित्सक-कर्मचारियों ने किया प्राणायाम और ध्यान



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। एबी रोड स्थित अस्पताल में कल योग दिवस पर 50 चिकित्सक और कर्मचारियों ने योग, प्राणायाम और ध्यान का आयोजन किया। प्रशिक्षक काव्या शामनानी और अमित शामनानी के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ। श्वेता खंडेलवाल ने अपनी भूमिका निभाई।



## बीएसएफ में भी हुआ योग

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। योग दिवस पर बीएसएफ द्वारा केन्द्रीय आयुध एवं युद्ध कौशल विद्यालय द्वारा योग का आयोजन किया गया। वी.टी. कायरकर की मौजूदगी में योग विशेषज्ञ डॉ. निशा जोशी ने योगा अभ्यास अधिकारियों और कर्मियों को कराया।

## एक माह तक चलाया शिविर



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संस्था श्री निखिलेश्वर सेवा समिति द्वारा अलग-अलग स्कूलों में एक माह तक योग शिविर का आयोजन किया। चार स्कूल के 800 विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला। सुमन रमेश महानंद, प्रीति शर्मा, रामसिंह ठाकुर, रूपा शुक्ला, विजय धलपे ने अपनी भूमिका निभाई।

## वाव ग्रुप का वर्कशॉप



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वाव ग्रुप ने कल योगा वर्कशॉप का आयोजन किया। संयोगिता शर्मा ने योग कराया।



## आलाप केन्द्र में हुआ आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। न्यू पलासिया स्थित आलाप योग केंद्र के सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुरुषोत्तम वाघमारे, विजय पारेख, भावना शाह, हर्षवर्धन लिखिते, डॉ. सपना गुप्ता मौजूद थे।



**योग संगम का आयोजन-** इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। उत्कर्ष संस्थान महाकोष बिल्डिंग परिसर तुकोगंज में योग दिवस पर योग संगम का आयोजन किया गया। डॉ. सुरेन्द्रसिंह बिरहे, दिलीप राजपाल, विजय साल्वीय, आशुतोष सिंह, जितेन्द्र मेश्राम, सीमा पालीवाल, राजदत्त शर्मा, ज्योति विराधे, राजू शर्मा, जानकीलाल पटेरिया, प्रो. तीरथसिंह खरबन्दा, सुभाष जैन, महेश हलधर, दत्त शर्मा, किशन भालसे, गीता शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## केन्द्र का शुभारंभ और ब्रह्माकुमारी बहनों का स्वागत



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्रीमेंढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार जयपुर साथ समाज धर्मशाला मोहनपुरा में तेजस योग केंद्र का शुभारंभ हुआ। यहां पहुंची ब्रह्माकुमारी बहनों का स्वागत किया गया। सीमा दीदी ने मेडिटेशन की अनुभूति कराई।

## योग टेम्पल का योगोत्सव





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। टेंपल आयुर्वेद पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी क्लिनिक द्वारा अग्रसेन चौराहा पर योग का आयोजन उत्सव के रूप में किया। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन मौजूद रहे। योगी मनोज गर्ग ने अलग-अलग क्रियाएं कराई। टी-शर्ट का वितरण भी हुआ। गौतम जैन ने पौधों का वितरण किया। राजेश बंसल, संदीप जैन, पार्षद मृदुल अग्रवाल, राजेश सिंघल, बबलू मित्तल, हितेश गोयल, दीपक अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# योग पीठ में साधक-साधिका का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हरिओम योगपीठ द्वारा महालक्ष्मी गार्डन में सामूहिक योग, प्राणायाम, ध्यान का आयोजन किया गया। योग गुरु रमेश पाटिल एवं वरिष्ठ योग साधिका रेणु जैन का सम्मान किया गया।



डॉ. कल्याण राठी, केके झा, संदीप जोशी, राजेश तोमर, राकेश जायसवाल, संतोष ठाकुर, रामबाबू यादव, शैलेन्द्र निगम, प्रो. शर्मा, डॉ. तृप्ति जैन, छाया मिश्रा, कृष्णा राठौर, कंचन पांडे, क्षमा कानूनगो, राजेश हरिदास, जैनेन्द्र सावला, सचिन जैन, शंभूनाथ सिंह सहित अन्य मौजूद थे। अनिल भाटिया, अमित त्रिवेदी, राजेंद्र जैन का भी सम्मान किया गया।

## संपादकीय

# एआई और फिंगरप्रिंट सिस्टम होने के बाद भी जांच कमजोर न्याय व्यवस्था पर सवाल

आधुनिक तकनीक और एआई आधारित जांच उपकरणों के बावजूद अपराध मामलों में दोषसिद्धि दर में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा। सवाल यह है कि क्या तकनीक का सही इस्तेमाल हो रहा है या न्याय की राह में अब भी पुरानी बाधाएं कायम हैं? जब वैज्ञानिक आधार पर आरोप-पत्र तैयार होंगे और आधुनिक तकनीक की मदद से पुख्ता साक्ष्य जुटाए जाएंगे, तो समय पर न्याय मिलने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी। किसी भी आपराधिक मामले में समय पर न्याय तभी सुनिश्चित हो पाता है, जब जांच प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और उसमें गंभीरता एवं निष्पक्षता हो। आज के दौर में जांच-पड़ताल में तकनीक की भी अहम भूमिका है। खासकर कृत्रिम मेधा यानी एआई के तहत ऐसे उपकरण विकसित किए जा चुके हैं, जिनकी मदद से अपराधियों की धर-पकड़ और साक्ष्य जुटाना काफी आसान हो गया है। मगर सवाल है कि देश में जांच एजेंसियां क्या इस तरह की तकनीक का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल कर रही हैं या नहीं? केंद्रीय गृह मंत्री की ओर से हाल में दी गई जानकारी से यही लगता है कि जांच प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग अभी प्रारंभिक स्तर पर है। गृह मंत्री ने कहा कि आपराधिक मामलों में राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली का अभी केवल 10 प्रतिशत ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका उपयोग अपराधियों की पहचान करने के लिए किया जाता है। इसके जरिए अपराध स्थलों से एकत्र किए गए नमूनों और साक्ष्यों का डेटाबेस तैयार किया जा सकता है, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि आखिर जांच एजेंसियां इस पर पर्याप्त ध्यान क्यों नहीं दे रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि संज्ञेय अपराधों से जुड़े मामलों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दोषसिद्धि दर वर्ष 2018 और 2019 में करीब 66 प्रतिशत थी। हालांकि उसके बाद से जांच एजेंसियों को कई तरह की तकनीकों से लैस किया गया है, लेकिन दोषसिद्धि दर में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आया है। विशेषज्ञों के मुताबिक दोषसिद्धि दर कम होने के प्रमुख कारणों में जांच प्रक्रिया का धीमा होना, मामलों की गंभीरता को नजरअंदाज करना और साक्ष्यों की कमी शामिल है। कई बार अपराधी इसलिए बरी हो जाते हैं, क्योंकि अभियोजन पक्ष आरोपों को सबूतों के आधार पर साबित करने में नाकाम रहता है। यह अफसोसनाक है कि तकनीकी सुविधाओं के बावजूद जांच एजेंसियां वैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखकर जांच नहीं करतीं, जिससे न्याय की उम्मीद भी धुंधली पड़ जाती है।

# भैरुघाट पर चलती कार में लगी आग

## 2 बच्चों और 2 महिलाओं सहित 8 लोगों को सुरक्षित बचाया





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मानपुर के भैरुघाट पर बीती शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ओंकारेश्वर और महेश्वर के दर्शन कर उज्जैन लौट रहे एक परिवार की ईको कार में भगवती ढाबे के सामने अचानक भीषण आग लग गई। कार में 2 मासूम बच्चों और 2 महिलाओं सहित कुल 8 लोग सवार थे। मौके पर मुस्तैद मानपुर पुलिस और डायल-112 के जवानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर जलती कार से सभी 8 लोगों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस की इस त्वरित सजगता और बहादुरी की बदौलत सभी की जान बच गई।

पुलिस के अनुसार, बीती शाम भैरुघाट में ट्रैफिक जाम लगने की सूचना पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची थी। ड्यूटी पर तैनात सैनिक करण निनामा और पायलट दीपक मीणा जब घाट पर वाहनों को व्यवस्थित कर जाम क्लियर करवा रहे थे, तभी रात करीब पौने 9 बजे उनके सामने ही एक ईको कार (क्रमांक एमपी-13-सीई-3547) में से अचानक आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। कार में आग लगते ही भीतर चीख-पुकार मच गई। गाड़ी का लॉक जाम होने और आग फैलने से सभी 8 यात्री मौत के जाल में फंस गए थे।

### फरिश्ता बनकर पहुंचे डायल-112 के जांबाज सुरक्षित किया रेस्क्यू

स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए सैनिक करण निनामा और पायलट दीपक मीणा बिना एक पल गंवाए जलती हुई कार की तरफ दौड़े। जवानों ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए कार के दरवाजे खुलवाए और भीतर फंसे 4 पुरुषों, 2 महिलाओं और 2 छोटे बच्चों को एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला। सभी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के तुरंत बाद जवानों ने मानपुर थाना प्रभारी को हादसे की वायरलेस सूचना दी।

### आग बुझाकर खुलवाया जाम

सूचना मिलते ही मानपुर थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र मकाश्रे और प्रधान आरक्षक प्रताप राठौर तत्काल अतिरिक्त बल के साथ मौके पर पहुंचे। कार में लगी आग विकराल रूप ले चुकी थी, जिससे ब्लास्ट का खतरा बना हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए आसपास के अन्य वाहनों से आग बुझाने वाले उपकरण जुटाए और आग पर काबू पाना शुरू किया। इसके साथ ही, हाईवे पर लगे भारी जाम को देखते हुए पुलिस ने तुरंत सूझबूझ दिखाई और ट्रैफिक को दूसरी लेन में डाइवर्ट कर रास्ता साफ कराया।

# पुरानी रंजिश में घर के बाहर खड़ी स्कूटी को पेट्रोल डालकर फूंकने वाला धराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट





अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए एक घर के बाहर खड़ी स्कूटी में पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर दबोच लिया है। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से उसकी घेराबंदी कर चंदन नगर इलाके से उसे गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, इस आगजनी की घटना के संबंध में फरियादिया नीमा डांडिया निवासी अन्नपूर्णा मंदिर के पास ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। नीमा ने पुलिस को बताया कि गत 18 जून की रात्रि में वे अपने घर में सो रही थीं, तभी किसी अज्ञात बदमाश ने उनके घर के बाहर खड़ी उनकी एक्टिवा स्कूटी क्रमांक एमपी-09 डीबी 0576 में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आगजनी के कारण स्कूटी पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई और बड़ा नुकसान हुआ। चूंकि मामला सरेराह आगजनी कर दहशत फैलाने से जुड़ा था, इसलिए वरिष्ठ अधिकारियों के कड़े निर्देशन में थाना प्रभारी हितगोपाल यादव के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तत्काल घटनास्थल और उसके आसपास के रास्तों पर लगे कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के सूक्ष्म विश्लेषण और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को एक संदेही का सुराग मिला। इसके बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, जिसकी सटीक सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को चंदन नगर थाना क्षेत्र से धरदबोचा। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान आदित्य कोसे पिता संतोष कोसे निवासी रामा कॉलोनी, सिरपुर, के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी आदित्य ने बताया कि फरियादिया के परिवार से उसकी पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी का बदला लेने और उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाने की नीयत से उसने रात के अंधेरे में स्कूटी पर पेट्रोल छिड़का और माचिस मारकर फरार हो गया था।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 146900 | 148484 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 237500 | 237952 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा धुंधरू

# एमसीए छात्रा ने लगाई फांसी

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एमसीए की पढ़ाई कर रही छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा विगत कई दिनों से तनाव में थी। पुलिस के अनुसार सुभाष नगर में रहने वाली लेखा पिता उत्तम (22) ने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवती के शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। युवती एमसीए की पढ़ाई कर रही थी।पुलिस को यह जानकारी मिली है कि पेपर बिगड़ने से वह दुखी थी। विगत कई दिनों से वह तनाव में थी। माना जा रहा है कि इसी वजह से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर विस्तृत जांच कर रही है।

# साले के अंतिम संस्कार से लौटे युवक पर नुकीले हथियार से हमला

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में अपने साले के अंतिम संस्कार से लौटकर घर के बाहर बैठे युवक के साथ एक बदमाश ने महज गाली देने से मना करने की बात पर मारपीट करते हुए उस पर नुकीले हथियार से वार कर घायल कर दिया। आजाद नगर थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मारपीट और हमले की घटना में घायल हुए फरियादी भूरा पिता विजय लाकन निवासी माधव नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी भूरा ने पुलिस को बताया कि उसके साले का निधन हो गया था, जिसके अंतिम संस्कार में वह शामिल होने गया था। अंतिम संस्कार की रस्में पूरी करने के बाद भूरा वापस लौटा और शोक संतप्त परिवार के साथ अपने साले के घर के बाहर नूरी नगर झोपड़पट्टी इलाके में बैठा हुआ था। तभी वहां इलाके का आरोपी गोलू निवासी नूरी नगर झोपड़पट्टी आ धमका और बिना किसी बात के गालियां बकने लगा।घर में साले की मौत के कारण गमगीन माहौल था, इसलिए फरियादी भूरा और उसके छोटे साले रामजाने ने गोलू को टोकते हुए वहां से चले जाने को बोला। यह सुनते ही आरोपी गोलू आगबबूला हो गया और उसने मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान ही आरोपी ने अपने पास छिपाकर रखा कोई नुकीला धारदार हथियार निकाला और फरियादी भूरा पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

# लोन दिलाने के नाम पर महिला होटल संचालिका से 1.43 लाख की धोखाधड़ी

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक महिला होटल संचालिका के साथ लोन दिलाने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को लोन दिलाने में माहिर बताते हुए पहले महिला का विश्वास जीता और फिर प्रक्रिया के नाम पर उनसे 1 लाख 43 हजार रुपये ऐंठ लिए। जब लोन नहीं मिला और आरोपी टालमटोल करने लगा, तो ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस के अनुसार, धोखाधड़ी की वारदात फरियादिया मीना पति गणेश राठौर निवासी शिवधाम, लिम्बौदी के साथ हुई। मीना की होटल है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए उन्हें लोन की जरूरत थी। इसी दौरान आरोपी संतोष वर्मा उनसे संपर्क में आया। आरोपी ने मीना को झांसा दिया कि वह लोन दिलाने का विशेषज्ञ है और उसने पहले भी चोखी ढाणी के एक शेफ को लोन दिलवाया है। आरोपी ने पीड़ित महिला को भरोसा दिलाया कि वह बहुत आसानी से उनका भी लोन स्वीकृत करवा सकता है। आरोपी ने लोन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का नाटक करते हुए मीना से कहा कि उन्हें फाइल चार्ज या अन्य कागजी कार्रवाई के नाम पर पहले कुछ राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। आरोपी के बहकावे में आकर मीना ने उसके बताए गए बैंक खाते में कुल 1 लाख 43 हजार रुपये का ऑनलाइन भुगतान कर दिया। पैसे जमा करने के बाद जब कई दिनों तक लोन स्वीकृत नहीं हुआ और आरोपी ने संतोषजनक जवाब देने के बजाय टालमटोल शुरू कर दी, तो मीना को संदेह हुआ। जब उन्होंने अपने स्तर पर जांच की तो उन्हें पता चला कि उनके साथ बड़ी जालसाजी हुई है।

## सब्जी मंडी में खरीदारी कर रहे व्यक्ति की जेब से कीमती मोबाइल उड़ाया

**इंदौर।** सराफा थाना क्षेत्र के नलियाबाखल सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने आए एक व्यक्ति की पैंट की जेब से किसी शातिर चोर ने पलक झपकते मोबाइल पार कर दिया। व्यक्ति को मोबाइल चोरी होने की भनक तब लगी जब उसने जेब में हाथ डाला। पीड़ित की शिकायत पर सराफा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी आशीष पिता सुरेश चंद्र जैन निवासी बख्तावर रामनगर, तिलकनगर ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई है। आशीष ने पुलिस को बताया कि वह घरेलू सामान और सब्जी खरीदने के लिए सराफा क्षेत्र की व्यस्त नलियाबाखल सब्जी मंडी आया हुआ था। मंडी में सामान्य दिनों की तरह काफी भीड़भाड़ थी। आशीष जब एक दुकान पर खड़े होकर सब्जी पसंद कर रहे थे और मोलभाव कर रहे थे, उसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर किसी शातिर जेबकतरे ने उनकी पैंट की जेब से सैमसंग एस 24 अल्ट्रा मोबाइल चुरा लिया।

# मई के बाद जून में भी बिजली की अधिक मांग की स्थिति

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मालवा निमाड़ में मई के पश्चात जून में भी बिजली की व्यापक मांग बनने की स्थिति है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मई में इंदौर शहर में 44 करोड़ पचास लाख यूनिट से ज्यादा बिजली वितरण किया गया है। यह गत वर्ष की तुलना में करीब पांच करोड़ यूनिट ज्यादा हैं। मई माह के दौरान इंदौर शहर में सबसे ज्यादा बिजली मांग 25 मई को 748 मैगावाट रही। इसी माह के दौरान सबसे ज्यादा खपत 26 मई को 1 करोड़ 61 लाख यूनिट रही। मई के दौरान मांग एवं बिजली आपूर्ति दोनों का रिकार्ड बना। जून के भी इक्कीस दिनों में 28 करोड़ यूनिट बिजली का वितरण किया गया, जून में कई बार शहर की बिजली मांग पौने सात सौ, सात सौ मैगावाट रही, खपत भी कई दिन डेढ़ करोड़ यूनिट के पार रही। कंपनी स्तर पर जून के इक्कीस दिनों में अधिकांश दिन खपत साढ़े आठ करोड़ से साढ़े नौ करोड़ के बीच रही।




## सूरों की महफिल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माथुर सभागृह में विश्व संगीत दिवस पर कलाकारों ने एक के बाद एक कई प्रस्तुतियां सूरो की महफिल में दी।

## संगीत दिवस पर छत्री पर आयोजन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विश्व संगीत दिवस पर कृष्णपुरा छत्री पर संगीत के आयोजन में कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी।

# रंगदारी न देने पर युवक से मारपीट

**बदमाशों ने पत्थर मारकर कार का कांच फोड़ा**

**इंदौर।** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में पार्टी मनाने के लिए शराब के पैसे मांगने आए दो बदमाशों ने एक युवक द्वारा मना करने पर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इतना ही नहीं, बदमाशों ने युवक की कार पर पत्थरों से हमला कर उसका कांच भी फोड़ दिया। छत्रीपुरा थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार,वसूली और मारपीट की घटना में घायल हुए फरियादी दुर्गेश पिता जगदीश नामदेव निवासी पंचमूर्ति नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने क्षेत्र में था, तभी वहां इलाके के दो शातिर बदमाश पार्थ और आयुष दोनों निवासी हरिओम नगरआए। दोनों ने दुर्गेश को गालियां देना शुरू कर दिया।बदमाशों ने धौंस जमाते हुए दुर्गेश से कहा कि हम लोग पार्टी मनाने के लिए जा रहे हैं, तू हमें शराब पीने के लिए 1,000 रुपए निकाल कर दे। जब फरियादी ने शराब के लिए पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी भड़क गए और आरोपी आयुष ने दुर्गेश को जानबूझकर जोर से धक्का दिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी पार्थ और आयुष ने मिलकर जमीन पर गिरे दुर्गेश की लात-घूंसों से पिटाई शुरू कर दी। इतने से भी जब बदमाशों का मन नहीं भरा, तो उन्होंने दुर्गेश को डराने और इलाके में धौंस जमाने की नीयत से पास पड़े भारी पत्थर उठाए और दुर्गेश की कार क्रमांक एमपी-09 सीवाय 8372 पर बरसा दिए। पत्थरों के इस हमले में कार का फ्रंट कांच पूरी तरह टूटकर चकनाचूर हो गया।जाते-जाते आरोपी दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

# बिना नंबर की पल्सर बाइक से घूम रहा था तस्कर

**16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार**

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर कैट रोड इलाके में ड्रग्स की सप्लाई करने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर जब उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से लाखों रुपये कीमत की 16 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, द्वारकापुरी थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कैट रोड स्थित दिग्विजय मल्टी के सामने एक संदिग्ध युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर किसी का इंतजार कर रहा है और उसके पास नशीला पदार्थ हो सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और बिना नंबर की पल्सर बाइक सहित युवक को धरदबोचा। पुलिस टीम ने जब पकड़े गए युवक की अमली जामा तलाशी ली, तो उसकी जेब से 16 ग्राम तीक्ष्ण ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लक्की नाथ निवासी अहिरखेड़ी नाथ मोहल्ला बताया। पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये मूल्य की इस ड्रग्स और साथ ही अपराध में इस्तेमाल की जा रही बिना नंबर की पल्सर बाइक को भी जब्त किया है।

# नीट परीक्षा का फर्जी पेपर बेचने वाला लॉ स्टूडेंट गिरफ्तार

## इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर जाल में फंसाता था परीक्षार्थियों को

**इन्दौर।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर उपलब्ध कराने का झांसा देकर देश भर के छात्रों से ऑनलाइन ठगी करने वाले एक शातिर जालसाज को क्राइम ब्रांच की एसआईटी ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी कोई पेशेवर अपराधी नहीं, बल्कि इंदौर के ही एक लॉ कॉलेज का प्रथम वर्ष का छात्र है, जो सोशल मीडिया के जरिए ठगी का यह काला कारोबार चला रहा था। कोटा पुलिस से मिले इनपुट के बाद शनिवार देर रात मुस्तैद हुई इंदौर पुलिस ने आरोपी को धरदबोचा।

सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अक्षय मालवीय निवासी शक्करखेड़ी लसूड़िया है। वह इंदौर लॉ कॉलेज में फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा है। मामले का खुलासा तब हुआ जब शनिवार को राजस्थान की कोटा पुलिस ने इस ठगी नेटवर्क के तार इंदौर से जुड़े होने के संबंध में इंदौर पुलिस को एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गोपनीय ई-मेल भेजा। ई-मेल मिलते ही पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर क्राइम ब्रांच टीआई नीरज मेढ़ा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया और तकनीकी लोकेशन के आधार पर आरोपी अक्षय को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस की प्राथमिक जांच और पूछताछ में आरोपी अक्षय मालवीय के काम करने के तरीके को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी नीट परीक्षा से ऐन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फर्जी और भ्रामक पोस्ट वायरल करता था। इन पोस्ट्स में वह बड़े-बड़े दावे करता था कि उसके पास नीट परीक्षा के असली प्रश्न-पत्र और अत्यंत गुप्त अध्ययन सामग्री उपलब्ध है, जिसे पढ़कर छात्र आसानी से परीक्षा पास कर सकते हैं।परीक्षा के तनाव और झांसे में आकर देश भर के सैकड़ों छात्र आरोपी की इस फर्जी पोस्ट को देखकर उसकी प्रोफाइल पर पहुंच जाते थे। आरोपी ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल में एक संदिग्ध लिंक दे रखी थी। जैसे ही छात्र उस लिंक पर क्लिक करते थे, तो आगे का कंटेंट या कथित पेपर देखने के लिए उनसे ऑनलाइन भुगतान करने को कहा जाता था। जैसे ही छात्र क्यूआर कोड या डिजिटल वॉलेट के जरिए पैसे ट्रांसफर करते, आरोपी उन्हें कोई भी फर्जी सामग्री या पुराना पेपर थमाकर ब्लॉक कर देता था। क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट की विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है और उसके बैंक खातों व मोबाइल डेटा को खंगाला जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने अब तक कितने छात्रों से कितनी रकम की ठगी की है।

# स्पेन की धमाकेदार जीत केप वर्डे ने फिर चौंकाया




**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 का 11वां दिन फुटबॉल फैंस के लिए यादगार साबित हुआ। एक ओर स्पेन ने शुरुआती झटके से उबरते हुए अपने असली रंग दिखाए और सऊदी अरब को एकतरफा मुकाबले में ध्वस्त कर दिया, वहीं दूसरी ओर छोटे से अफ्रीकी द्वीपीय देश केप वर्डे ने लगातार दूसरे मैच में दुनिया को चौंका दिया। स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोकने वाली इस टीम ने अब दो बार की विश्व चैंपियन उरुग्वे को भी जीत से वंचित कर दिया।

इसके अलावा बेल्जियम और ईरान के बीच मुकाबला बिना गोल के समाप्त हुआ, लेकिन यह मैच कई मायनों में चर्चा का केंद्र रहा। बेल्जियम को रेड कार्ड झेलना पड़ा, फिर भी ईरान अतिरिक्त खिलाड़ी का लाभ नहीं उठा सका। दिन भर के इन मुकाबलों ने यह साबित कर दिया कि 48 टीमों वाले विस्तारित विश्व कप में अब कोई भी टीम हल्के में लेने लायक नहीं है।

## फीफा विश्वकप 2026

### स्पेन की धमाकेदार वापसी, सऊदी अरब को 4-0 से रौंदा

पहले मैच में केप वर्डे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद स्पेन पर दबाव था। आलोचकों ने टीम की आक्रामकता और फिनिशिंग क्षमता पर सवाल उठाए थे। लेकिन अटलांटा में सऊदी अरब के खिलाफ मैदान पर उतरी स्पेनिश टीम पूरी तरह बदली हुई नजर आई।

### यमाल ने बदली मैच की तस्वीर

18 वर्षीय स्टार लामिन यमाल की वापसी ने स्पेन को नई ऊर्जा दी। मैच के शुरुआती मिनटों से ही यामाल ने अपनी ड्रिबलिंग और रफ्तार से सऊदी रक्षा पंक्ति को परेशान करना शुरू कर दिया।

10वें मिनट में यमाल ने टूर्नामेंट का अपना पहला गोल दागते हुए स्पेन को बढ़त दिलाई। यह गोल उनके लिए खास था क्योंकि पिछले मुकाबले में वह प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे।

### ओयारजाबाल ने आलोचकों को दिया जवाब

30वें मिनट में मिकेल ओयारजाबाल ने स्पेन की बढ़त दोगुनी कर दी। कॉर्नर से मिले मौके का फायदा उठाते हुए उन्होंने गेंद को जाल में पहुंचाया।

इसके सिर्फ तीन मिनट बाद ओयारजाबाल ने दूसरा गोल दाग दिया। यह गोल स्पेन की शानदार टीमवर्क का नतीजा था और पूरे टूर्नामेंट के सबसे खूबसूरत गोलों में शामिल किया जा सकता है।

### दूसरा हाफ भी स्पेन के नाम

ब्रेक के बाद स्पेन ने चौथा गोल भी हासिल कर लिया। दानी ओल्मो के प्रयास के बाद गेंद सऊदी डिफेंडर हसन अलतांबाक्ती से टकराकर गोल में चली गई और स्कोर 4-0 हो गया। इसके बाद स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और मुकाबले को आराम से अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ स्पेन के चार अंक हो गए हैं और उसने नॉकआउट चरण की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा दिया है। वहीं सऊदी अरब सिर्फ एक अंक के साथ मुश्किल स्थिति में पहुंच गया है।

## इंदौर के केतन के उम्दा प्रदर्शन से भारत को मिली सफलता

**इंदौर।** चीन के क्वांगडोंग में 15 से 19 जून तक हुई आईबीएसएफ वर्ल्ड टीम स्नूकर चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता होने का गौरव हासिल किया । भारतीय टीम में इंदौर के केतन चावला के साथ विश्व विख्यात खिलाड़ी पंकज आड़वाणी और आदित्य मेहता भी शामिल थे। फाइनल मुकाबले में मेजबान चीन ने भारत को कड़े मुकाबले में पराजित किया। टीम में शामिल इंदौर के केतन चावला ने पूरे टूर्नामेंट में उम्दा प्रदर्शन किया और टीम को पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । वे इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाले मध्यप्रदेश के पहले खिलाड़ी बन गए है। इंदौर के 33 वर्षीय केतन लगातार देश में और विदेश में टूर्नामेंटों में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे है। वे लगातार राष्ट्रीय स्तर पर उम्दा प्रदर्शन कर रहे है। वे फिलहाल स्नूकर में देश के नंबर तीन खिलाड़ी होने के साथ ही भारतीय टीम का अहम हिस्सा है। वे प्रदेश के पहले पुरुष खिलाड़ी भी बन गए है जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में अपनी भागीदारी दर्ज की । पदकीय सफलता अर्जित करने पर केतन रविवार को इंदौर पहुंचे।



## ईरान और बेल्जियम के बीच गोलरहित संघर्ष

**नई दिल्ली ।** इंगलवुड में खेले गए मुकाबले में ईरान और बेल्जियम ने 0-0 की बराबरी खेली। हालांकि स्कोरलाइन साधारण दिखती है, लेकिन मैच में रोमांच की कमी नहीं थी। 66वें मिनट में बेल्जियम के डिफेंडर नाथन नगोय को सीधा रेड कार्ड दिखाया गया। उन्होंने मेहदी तारेमी को गोल की ओर बढ़ने से रोकने के लिए फाउल किया था। इसके बाद बेल्जियम को बाकी मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इसके बाद बेल्जियम को बाकी मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

## जबलपुर रायल्स लायन व उज्जैन फाल्कन्स की रोमांचक जीत

**इंदौर ।** एमपीएल टी-20 सिंधिया कप में कल हुए एक रोमांचक मुकाबले में जबलपुर रायल्स लायन ने ग्वालियर चीतास को 2 गेंद और 3 विकेट शेष रहते पराजित किया। होलकर स्टेडियम पर हुए मुकाबले में ग्वालियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कुलदीप गेही के 57 और कप्तान रजत पाटीदार के 37 रनों की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में जबलपुर की टीम ने संजोग निज्जर की 30 गेंदों में खेली 66 रनों की पारी की बदौलत 2 गेंद शेष रहते 7 विकेट खोकर 189 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## मिस्त्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

**सोमवार.एजेंसी।** विश्व कप के 11वें दिन का आखिरी मुकाबला न्यूजीलैंड और मिस्त्र के बीच खेला गया। जिसमें मिस्त्र ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 3-1 से मात दी। दोनों टीमों के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा था, क्योंकि नॉकआउट दौर की दौड़ में बने रहने के लिए जीत जरूरी थी । मैच के 15वें मिनट में न्यूजीलैंड के लिए फिन समरन ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद मिस्त्र ने पहले हॉफ में वापसी की काफी कोशिश की, लेकिन वह नाकायमब रहे। दूसरे हॉफ ने मिस्त्र ने जोरदार खेल दिखाया और न्यूजीलैंड की रक्षापंक्ति को भेदते हुए तीन गोल दाग दिए। 58वें मिनट में मुस्तफा जिको ने, 67वें मिनट में मोहम्मद सलाह ने और 82वें मिनट में महमूद हसन ने गोलकर टीम को बड़ी जीत दिलाई।

### आज रात मेसी भी दिखेंगे एक्शन में

विश्व कप 2026 के 12वें दिन की शुरुआत भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे ग्रुप-जे के अहम मुकाबले अर्जेंटीना और ऑस्ट्रिया से होगी। इसके बाद रात 2:30 बजे ग्रुप-आई में फ्रांस का सामना इराक से होगा, जबकि सुबह 5:30 बजे नॉर्वे और सेनेगल आमने-सामने होंगे। दिन का आखिरी मुकाबला सुबह 8:30 बजे ग्रुप-जे में जॉर्डन और अल्जीरिया के बीच खेला जाएगा। नॉकआउट चरण की दौड़ तेज होने के साथ इन मुकाबलों के नतीजे संबंधित ग्रुपों की स्थिति पर बड़ा असर डाल सकते हैं।

# भारत की हार से निराश हैं कप्तान हरमनप्रीत बोलीं- दुर्भाग्य से हम कुछ मौके नहीं भुना सके

**नई दिल्ली ।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 18वें मैच में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस हार के बाद फील्डिंग में चूके मौकों पर अफसोस जताया है। हालांकि, अभी भारत के पास लीग स्टेज में दो मैच शेष हैं। ऐसे में कप्तान ने सकारात्मक बने रहने पर जोर दिया है।




### भारत की फिल्डिंग नहीं रही अच्छी

158/7 के स्कोर का बचाव करते हुए भारत की फील्डिंग अच्छी नहीं रही। ताजमिन ब्रिट्ज का कैच 18 रन पर छूटा, जबकि मारिजाने को सब्स्टिट्यूट फील्डर राधा यादव ने 25 और 65 रन पर दो बार जीवनदान दिया। इन दोनों खिलाड़ियों ने भारत की फील्ड प्लेसमेंट का बखूबी फायदा उठाया और आसानी से बाउंड्री लगाईं। मारिजाने ने 81 रन पर नाबाद रहते हुए साउथ अफ्रीका को यादगार जीत दिलाई।

### मौके नहीं भुना सके

मैच गंवाने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें बीच में कुछ मौके मिले, लेकिन दुर्भाग्य से हम उन्हें भुना नहीं सके। हालांकि, मुझे अभी भी लगता है कि हमारे दो मैच शेष हैं, और यही समय है सकारात्मक रहने और उन मुकाबलों के बारे में सोचने का। हम हमेशा बात करते हैं कि इस स्तर पर मौकों को भुनाना कितना जरूरी है, लेकिन दुर्भाग्य से किस्मत हमारे साथ नहीं थी।'

### भारत के दो मैच बाकी

भारतीय टीम 25 जून को बांग्लादेश को चुनौती देगी, जिसके बाद 28 जून को उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय कप्तान ने कहा, 'अभी भी हमारे दो मैच शेष हैं। अब उन मुकाबलों के बारे में सोचने का समय है। अगले मैच के लिए हमारे पास अभी भी दो-तीन दिन हैं। हम बैठकर सोचेंगे कि क्या करना है और उसी हिसाब से अपनी प्लेइंग इलेवन चुनेंगे।'

### श्री चरणी-शेफाली की तारीफ

इस मैच में श्री चरणी ने चार ओवरों में 24 रन देकर तीन विकेट हासिल किए, जबकि शेफाली वर्मा ने चार ओवरों में 22 रन देकर एक विकेट निकाला। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दोनों खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि श्री चरणी और शेफाली ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। वे चुनौतियां पैदा कर रही थीं, लेकिन दुर्भाग्य से बाकी गेंदबाजों ने उनका साथ नहीं दिया।'


महेशजी राठी (गुड्डा)
पूर्व अध्यक्ष बिजासन क्षेत्र
उमेशजी समदानी
पूर्व मंत्री बिजासन क्षेत्र
अनिलजी काकाणी
पूर्व अध्यक्ष बालाजी क्षेत्र
रितेशजी राठी
पूर्व मंत्री बालाजी क्षेत्र
रूपेशजी भूतड़ा
पूर्व अध्यक्ष दक्षिण क्षेत्र
कैलाशजी जाजू
पूर्व मंत्री दक्षिण क्षेत्र
सुनीलजी मालू
पूर्व अध्यक्ष हाईवे क्षेत्र
घनश्यामजी कांसट
पूर्व मंत्री हाईवे क्षेत्र
संजयजी मानधन्या
पूर्व अध्यक्ष पूर्वी क्षेत्र
राकेशजी लखोटिया
पूर्व मंत्री पूर्वी क्षेत्र
सत्यनारायणजी गदिया
पूर्व अध्यक्ष मेघदूत क्षेत्र
राकेश जी तापड़िया
पूर्व मंत्री मेघदूत क्षेत्र
भावांजलि
स्व. श्री किरण भूतड़ा
प्रेरणास्रोत
मनीषजी बिसानी
पूर्व अध्यक्ष अन्नपूर्णा क्षेत्र
मनोजजी कुड़या
पूर्व मंत्री
श्री माहेश्वरी सहकारी पेढ़ी मर्यादित
श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज
गोपाल लाहोटी
पूर्व अध्यक्ष संयोगितागंज क्षेत्र
पंकज काबरा
पूर्व मंत्री संयोगितागंज क्षेत्र
भावांजलि
स्व. रामस्वरूप धूत
प्रेरणास्रोत
श्री सत्यनारायणजी (पप्पू) मंत्री
अध्यक्ष जिला माहेश्वरी समाज
श्री मुकेश असावा
मंत्री जिला माहेश्वरी समाज
श्री राम सोमाणी
अध्यक्ष युवा संगठन माहेश्वरी समाज
श्री प्रतीक माहेश्वरी
मंत्री युवा संगठन माहेश्वरी समाज
श्री महेशजी राठी (गुड्डा)
अध्यक्ष बिजासन क्षेत्र
श्री उमेशजी समदानी
मंत्री बिजासन क्षेत्र
श्री रितेशजी राठी
अध्यक्ष बालाजी क्षेत्र
श्री विजय (राजा) जाजू
मंत्री बालाजी क्षेत्र
श्री अनिल मंत्री
अध्यक्ष दक्षिण क्षेत्र
श्री डॉ. निलेश माहेश्वरी
मंत्री दक्षिण क्षेत्र
श्री राजेश गट्टानी
अध्यक्ष हाईवे क्षेत्र
श्री विकास माहेश्वरी
मंत्री हाईवे क्षेत्र
श्री ईश्वरलाल कलंत्री
अध्यक्ष मेघदूत क्षेत्र
श्री वीरेन्द्र चौधरी (काबरा)
मंत्री मेघदूत क्षेत्र
श्री मनोज कुड़या
अध्यक्ष अन्नपूर्णा क्षेत्र
श्री विजय (राजा) झंवर
मंत्री अन्नपूर्णा क्षेत्र
श्री संजय चांडक
अध्यक्ष संयोगितागंज क्षेत्र
श्री सौरभ राठी
मंत्री संयोगितागंज क्षेत्र
श्री चन्द्रप्रकाश हेड़ा
अध्यक्ष पूर्वी क्षेत्र
श्री ओमप्रकाश माहेश्वरी (हेड़ा)
मंत्री पूर्वी क्षेत्र
अन्नपूर्णा- अशोकजी नवाल, अजयजी सारडा, सतीशजी मंत्री, भारतजी तोतला, आशीषजी बाहेती, अक्षतजी झंवर, अजयजी लाहोटी, राजेशजी मुछाल, संतोषजी साबू, अविनाशजी आगार, मनीषजी जाखेटिया, श्यामजी मूंदड़ा, बृजमोहनजी राठी, रामस्वरूपजी धूत, आशीषजी करवा, अमरीशजी लड्डा, राजेशजी मूंगड़, मधुसूदनजी सोमानी, राजकुमारजी बाल्दी
बालाजी- नारायणदासजी अगाल, गोविंदजी बेड़िया, भगवानदासजी भलिका, तरुणजी भंडारी, बसंतजी भट्टड, संपतकुमारजी धूत, कमलेशजी गगरानी, विजयकुमारजी जाजू, अभयकुमारजी झंवर, बसंतजी खटोड़, पवनकुमारजी लड्डा, राजकुमारजी लाहोटी, पुष्पकुमारजी माहेश्वरी, गोपालकृष्णजी मानधन्या, हरिनारायणजी मंत्री, श्यामसुंदरजी मंत्री, अरुणजी मूंदड़ा, गोपालदासजी राठी, प्रहलाददासजी सेठ, विजयजी सिंगी, दिनेशजी मानधन्या, विजयजी सोमानी, जगदीशकुमारजी तापड़िया, ओमप्रकाशजी टावरी
बिजासन- रमेशचंद्रजी आगार, रजतजी बेड़िया, आशीषजी बाहेती, अशोकजी चितलांग्या, रामनिवासजी हूरकट, अशोकजी जाजू, दीपकजी कुईया, गोविंदजी लड्डा, नारायणजी मालानी, राजकुमारजी मालानी, नितेशजी मूंदड़ा, महेशजी मूंगड, हर्षजी राठी, महेशजी (गुड्डा) राठी, महेशजी (सुभाष) राठी, निलेशजी सारडा, राधेश्यामजी सारडा, ओमप्रकाशजी सोमानी,
दक्षिण- टोडरमलजी मूंदड़ा, नवीनजी मूंदड़ा (माहेश्वरी), गोपाल कृष्णजी मानधन्या, बृजकिशोरजी बांगड़, ओमप्रकाशजी मूंदड़ा, अनिलजी मंत्री, राजेशजी बिड़ला, डॉ. प्रवीणजी काबरा, प्रदीपजी जाखेटिया, डॉ. नीलेशजी लखोटिया, विजयजी हूरकट
हाईवे- राजेशजी लखोटिया, सत्यनारायणजी मंत्री, देवेंद्रजी बाहेती, राजेशजी गट्टानी, अभयजी सारडा, वासुदेवजी मालू, विकासजी माहेश्वरी
मध्य- दिनेशजी आगार, अशोकजी काबरा, अमरीशजी दम्माणी, सुमितजी बाहेती, मनीषजी मूंगड, शैलेंद्रजी भैया, सुधीरजी तोषनीवाल, राजेशजी शारदा, पवनजी भलिका, मधुसूदनजी भलिका
मेघदूत- प्रकाशचंदजी सोडानी, बसंतीलालजी भंडारी, कल्याणमलजी मंत्री, नंदकिशोरजी बियाणी, ईश्वरलालजी कलंत्री, गोपालचंदजी परवल, राजेंद्रजी मंत्री, अरविंदजी बियाणी, अनिलजी झंवर, लवकुशजी गादिया, शलभजी माहेश्वरी, उमेशजी जाजू, चंद्रमोहनजी माहेश्वरी
पूर्वी- जयप्रकाशजी बाहेती, राजेंद्रजी भैया, राजेशजी भट्टड, सुरेशकुमारजी बिहानी, राजीवजी बिन्नानी, पवनजी चांडक, संजयजी काबरा, आयुषजी कचोलिया, विमल कुमारजी करवा, गौरीशंकरजी लोहिया, कृष्ण वल्लभजी मुछाल, किशनजी मूंदड़ा, मनीषजी न्याती, ओमप्रकाशजी पसारी, अतुलजी राठी, शैलेश कुमारजी सोडानी, राजेशजी सोमानी, राधेश्यामजी सोमानी, अमरचंदजी सोनी
संयोगितागंज- गोपाल दासजी असावा, सुभाषजी असावा, ईश्वरजी बाहेती, गिरिराजजी बंग, कृष्ण कुमारजी बिड़ला, संजयजी बिड़ला, विजयजी चांडक, ओम प्रकाशजी गगरानी, केदारमलजी हेडा, सुरेशचंदजी हेडा, मुकेशजी कचोलिया, रमेश चंद्रजी काबरा, अश्विन कुमारजी लखोटिया, कमलेशजी नवाल, सुरेशचंदजी नुहाल, गोपालजी न्याती, सुभाषजी राठी, भरतजी सारडा, केदारजी सारडा, कन्हैयालालजी तोषनीवाल
पदेन- गौरीशंकरजी लखोटिया, दिलीपजी तोतला, पंकजजी गांधी, रजतजी लड्डा, अजयजी सोमानी, मुकेशजी असावा, गीताजी मूंदड़ा, सुशीलजी काबरा, मुकेशजी तोतला, शोभाजी माहेश्वरी, किरणजी लखोटिया, रामजी शारदा, निर्मलाजी आरती, सुमनजी सारडा, डिंपलजी माहेश्वरी, पुष्पाजी मौलासरिया, हरीशजी माहेश्वरी (जाजू), मुरलीधरजी मोदी, घनश्यामजी झंवर, मनीषजी बिसानी, मनोजजी कुईया, अनिलजी काकणी, रितेशजी राठी, उमेशजी समदानी, रुपेशजी भूतड़ा, कैलाश चंदजी जाजू, सुनीलजी मालू, घनश्यामजी कासट, सत्यनारायणजी गदिया, राकेशजी तापड़िया, चेतनजी बियानी, गोविंदजी बियानी, संजयजी मानधन्या, राकेशजी लखोटिया, महेशजी (गोपाल) लाहोटी, पंकजजी काबरा, अजयजी सोडानी, रामजीसोमानी, प्रतीकजी माहेश्वरी, हरिजी मालू, संतोषजी मानधन्या, सीए जयंतजी गुप्ता, ओमप्रकाशजी धूत, राधेश्यामजी काबरा, रामस्वरूपजी मूंदड़ा, उमाशंकरजी बिहाणी, प्रकाशजी अजमेरा, विजयजी (श्याम) माहेश्वरी
श्री शैलेन्द्र भैया
अध्यक्ष मध्य क्षेत्र
श्री गोविंद झंवर
मंत्री मध्य क्षेत्र
माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस 23 जून महेश नवमी 2026
महेश नवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
विशेष : 23 जून प्रातः 6.30 बजे जानकीनाथ मंदिर से निकलने वाली प्रभातफेरी में सपरिवार पधारें।
सौजन्य से : गोविन्द बियाणी मित्र मंडल, इन्दौर (कांटाफोड़)
चेतनजी बियाणी
पूर्व अध्यक्ष मध्य क्षेत्र माहेश्वरी समाज
गोविंद बियाणी
श्री माहेश्वरी मर्यादित सहकारी पेढ़ी
श्री मध्य क्षेत्र माहेश्वरी समाज पूर्व मंत्री
श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज जिला कार्यकारिणी सदस्य
गौ सेवक